भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 505
सोमवार, 24 जुलाई, 2023/2 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

नांदेड़ में पर्यटक स्थलों पर विकास कार्य

505. श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि महाराष्ट्र में नांदेड़ के पर्यटन स्थलों के विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान करने का प्रस्ताव पिछले तीन वर्षों से विभाग में लंबित पड़ा है जबकि महाराष्ट्र सरकार ने उक्त प्रस्ताव को अनुमोदित कर केन्द्र को भेज दिया है;

(ख) उक्त प्रस्ताव के अनुमोदन में विलंब होने के क्या कारण हैं और उक्त प्रयोजनार्थ अनुमोदन और निधियां प्रदान करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(ग) उक्त प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग) : पर्यटन मंत्रालय ''स्वदेश दर्शन'', ''तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) संबंधी राष्ट्रीय मिशन'' और ''पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता'' योजनाओं के तहत महाराष्ट्र सहित देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों में पर्यटन संबंधी अवसंरचना तथा सुविधाओं के विकास हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

नांदेड़ सहित महाराष्ट्र राज्य में उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं और आवंटित निधियों का विवरण अनुबंध में दिया गया है ।

राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों से पर्यटन परियोजनाओं हेतु वित्तीय सहायता के लिए प्रस्तावों की प्राप्ति एक सतत प्रक्रिया है । निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में प्रस्तावों की जांच की जाती है और विनिर्दिष्ट शर्तों, प्रचालन संबंधी व्यवहार्यता और निधियों की उपलब्धता की शर्त पर ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है ।

*****

अनुबंध

नांदेड़ में पर्यटन स्थलों पर विकास कार्य के संबंध में दिनांक 24.07.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 505 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य	परिपथ/ स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि
1.	महाराष्ट्र	तटवर्ती परिपथ 2015-16	सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), मितभव का विकास	19.06	18.11
2.	महाराष्ट्र	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	वाकी- अदासा- धापेवाड़ा- पारदसिंघा- तेलनखंडी- गिराड का विकास	53.96	32.04

प्रशाद योजना (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	अनुमोदित लागत	निर्मुक्त राशि
1.	महाराष्ट्र	त्रियम्बकेश्वर, नाशिक का विकास	2017-18	52.92	27.67

पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य	परियोजना का नाम	केंद्रीय एजेंसी	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि
वर्ष 2014-15					
1.	विभिन्न राज्य	ग्लास टॉप कोच का निर्माण: • काजीगुंड और बारामूला, जम्मू एवं कश्मीर • विजाग-अरक्कू घाटी विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश • दादर-मडगांव मार्ग (मुंबई से गोवा)	रेल मंत्रालय	12.00	12.00
वर्ष 2016-17					
2.	महाराष्ट्र	पर्यटन स्थल के रूप में कनोजी आंग्रे लाइटहाउस के विकास के लिए मुंबई पोर्ट	मुंबई पोर्ट ट्रस्ट	15.00	15.00

		ट्रस्ट को केंद्रीय वित्तीय सहायता			
3.	महाराष्ट्र	नांदेड़ रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	5.18	2.59
वर्ष 2017-18					
4.	महाराष्ट्र	इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण।	मुंबई पोर्ट ट्रस्ट	12.50	12.50
5.	महाराष्ट्र	औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	5.71	2.85
वर्ष 2021-22					
6.	महाराष्ट्र	इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण	मुंबई पोर्ट ट्रस्ट	37.50	30.00

*****